Afiorestation Programme in West Bengal

5569. SHRI RATNA BAHADUR RAI: Will the .Minister of ENVIRONMENT AND FOR-ESTS be pleased to state:

(a) what amount of money was allocated and utilised for the afforestation Programme in West Bengal during the last three years and what was the share of Darjeeling; and

(b) what amount of money is allocated for the afforestation Programme in West Bengal for the year 1994-95 and what is the share of Darjeeling in it?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIR-NOMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

नहरों के किनारे सघन यूकिलिप्ट्स वृक्षा रोपण

5570. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बड़ी नहरों में रिसाव के कारण बनी दलदली भूमि पर नहरों के किनारे यूकिलिप्टस प्रजाति के सघन वृक्षारोपण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि नहीं, तो नहरों के किनारे दलदल बनने को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर प्रस्तुत कर दी जाएगी।

महाराष्ट्र में सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति

5571. श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने तालुकामाल डेरी, देवगढ़ और गाडागढ़ी की नई सिंचाई परियोजनाओं और कासाल तथा कूंडे के हवाई अडडों तथा महाराष्ट्र की अन्य विकास परियोजनाओं के लिए स्वीकृति दे दी है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि नहीं, तो ये परियोजनाएं कब से लंबित पड़ी हैं और इन्हें स्वीकृति देने में विलंब के क्या कारण हैं;

(घ) सरकार ने इन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए हैं ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) (क) से (ग) मोना डेरी, देवगढ़ और गाडागढ़ तालुकों की नई सिंचाई परियोजनाओं के लिए अनुमोदन/मंजूरी देने हेतु को ई प्रस्ताव राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुआ है। अन्य परियोजनाओं के बारे में ब्यौरा दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है। (नीचे देखिए)

(घ) और (ङ) पूरे आंकड़े प्राप्त होने के बाद ही परियोजनाओं का मूल्यांकन तथा उन पर कार्रवाई की जा सकती है। मामलों के शीघ्र निपटान के लिए परियोजना प्राधिकारियों राज्य सरकारों के साथ सम्पर्क बनाए रखा जाता है।

विवरण

30-4-1994 की स्थिति के अनुसार

क्रम सं.	परियोजना का नाम	कब से लंबित है	वर्तमान स्थिति
क. पर्यावरणीय मंजूरी के लिए प्रस्तुत परियोजनायें			
1.	नागोठाणे सीसीजीटी 820 मे.वा. महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड	फरवरी, 1993	विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार किया गया। मांगी गई अतिरिक्त सूचना की प्रतीक्षा है।
2.	उरान में वैस्ट रिकवरी, 30X 120 मे.वा. महाराष्ट्र विद्युत बोर्ड	जनवरी, 1994	वही-
3.	विरूर/चिंचोली भूमिगत परियोजना-पश्चिमी कोलफील्ड लिमिटेड	अक्तूबर, 1993	विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार किया गया।
4.	थाल में मेलामाइन संयंत्र, आरसीएफ	फरवरी, 1993	-वही-
5.	जिला सिन्धुदुर्ग के कुडाल तालुका में कसालकुंडे में हवाई अड्डे का निर्माण	जुलाई, 1992	परियोजना प्राधिकारियों से मांगी गई अतिरिक्त सूचना की प्रतिक्षा है।
6.	अहमद नगर जिले के कोपरगांव तालुका में शिरडी में हवाई अड्डे का निर्माण	फरवरी, 1993	-वही-
7.	बम्बई में बर्ली बान्द्रा सम्पर्क मार्ग का निर्माण	जुलाई, 1993	मांगे गए स्पष्टीकरण की प्रतीक्षा है।
8.	बम्बई मलजल व्ययन परियोजना	जनवरी, 1993	विशेषज्ञ समिति द्वारा संस्तुत
9.	काशिद गांव जंजीरा मुरूद, जिला रायगढ़ में होलीडे रिसॉर्ट	मार्च, 1994	अतिरिक्त सूचना मांगी गई है।
10.	बम्बई बंदरगाह में सबमेरीन पाइपलाइन को बदलना	मार्च, 1994	हाल ही में प्राप्त हुई।
ख. वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अंतर्गत वन भूमि को उपयोग में लाने के संबंध में प्राप्त परियोजनाएं			
1.	लघु सिंचाई तालाब सरसाला संख्या 2 का निर्माण	फरवरी, 1994	स्थल निरीक्षण रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	कब से लंबित है	वर्तमान स्थिति
2.	पालान्दुर लघु सिंचाई तालाब का निर्माण	सितम्बर, 1992	कार्रवाई की जा रही है।
3.	उत्तावली मझौली सिंचाई परियोजना का निर्माण	जुलाई, 1993	स्थल निरीक्षण रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।
4.	मिम्बाला में लघु सिंचाई परियोजना का निर्माण	नवम्बर, 1993	कार्रवाई की जा रही है।
5.	सिन्दबीदाछी में तालाब का निर्माण	जनवरी, 1993	—वही—
6.	तंभुरवाडी में लघु सिंचाई तालाब का निर्माण	फरवरी, 1994	—वही—
7.	भंडारा लघु सिंचाई परियोजना	सितम्बर, 1993	—वही—
8.	डुंबरमांव तालाब परियोजना	नवम्बर, 1993	—वही—
9.	ऊपरी पेनगंगा परियोजना इसापुर राइट बैंक कैनाल	अप्रैल, 1993	पर्यावरणीय मंजूरी से जुड़ी है।
10.	देवलाली फील्ड फाइरिंग रेंज	अक्तूबर, 1992	स्थल निरीक्षण रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।
11.	चस्कास्मन परियोजना	जनवरी, 1994	पर्यावरणीय मंजूरी से जुड़ी है।
12.	नाम्या साम्या परियोजना का निर्माण (पनजान नदी)	दिसम्बर, 1993	स्थल निरीक्षण रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।
13.	बागवानी, पौधरोपण, गौल्फ कोर्स तथा संबंधित गतिविधियों के लिए ठीक की गई निजी भूमि	जुन, 1993	कार्रवाई की जा रही है।
14.	टेकपेक लिफ्ट सिंचाई स्कीम	मार्च, 1994	कार्यवाई की जा रही है।
15.	लघु सिंचाई तालाब केवडापानी	मार्च 1994	—वही—
16.	लघु सिंचाई तालाब सिरसाला	मार्च, 1994	—वही—
17.	भीमकलसाला, भण्डारा जिले में नए लघु सिंचाई टैंक का निर्माण	अप्रैल, 1994	—वही—